**दिनांक : 23.11.2024** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन और झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरकार बनाने की ओर अग्रसर।
- प्रदेश की बुदनी में भाजपा और विजयपुर में कांग्रेस प्रत्याशी की हुई जीत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में करेंगे लोगों के साथ विचार साझा।
- प्रदेश में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू, कई शहरों में पारा दस डिग्री के नीचे पहुँचा।

**समाचार विस्तार से:–**

**मतगणना**

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती जारी है। ताजा रुझानों में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। ये गठबंधन 288 में से 233 सीटों पर आगे है। जबकि महाविकास अगाड़ी को केवल 49 सीटों पर बढ़त है। वहीं झारखंड में सत्तारूढ झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। यह गठबंधन 81 में से 55 सीटों पर आगे है। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाले एन डी ए गठबंधन के उम्मीदवार 25 सीटों पर बढत लिए हुए है।इसके साथ ही 15 राज्यों में 48 विधानसभा उपचुनावों तथा दो लोकसभा सीट के उपचुनावों के लिए भी मतगणना जारी है।

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये मतगणना मे बुधनी से भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजकुमार पटेल से 13 हजार 900 से अधिक वोंटों से जीत दर्ज की हैं। उधर विजयपुर से कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा ने भाजपा के राम निवास रावत को 7 हजार 364 मतों के अंतर से हरा दिया ।

**प्रधानमंत्री– चुनाव परिणाम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र के लोगों, खासकर युवाओं और महिलाओं का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि राज्य में विकास और सुशासन की जीत हुई है।

प्रधानमंत्री ने झारखंड के लोगों को भाजपा के प्रति समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी हमेशा लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में सबसे आगे रहेगी। प्रधानमंत्री ने विभिन्न उपचुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवारों को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न राज्यों के लोगों को भी धन्यवाद दिया और कहा कि वे उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## मुख्यमंत्री हाइटैक गौ–शाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित बरखेड़ी डोब में करीब 15 करोड रुपए की लागत की गौ–शाला का भूमि–पूजन किया। इस गौ–शाला में 10 हजार गायों को रखा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना धर्म, भाषा, जाति और क्षेत्र के भेदभाव के हमें गौ–पालन को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि बरखेड़ी डोब क्षेत्र को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के माध्यम से गौ–माता से संबंधित डिग्री–डिप्लोमा कोर्स आरंभ किया जाएगा।

**बाइट– डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**

## सर्वदलीय बैठक

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी।

शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। हालांकि, संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संसद की बैठक नहीं होगी।

## इंटरनेशलन कॉपरेटिव अलाइंस

25 नवंबर को देश में पहली बार इंटरनेशलन कॉपरेटिव अलाइंस की बैठक होने जा रही है। दिल्ली में होने वाली बैठक को लेकर मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधित्व कर रहे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य रिशिराज सिंह सिरोदिया ने बताया कि 130 साल में भारत को पहली बार ये अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि यूनाइटेड नेशन्स ने सन 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है।

## प्रधानमंत्री– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और news on air मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

## संविधान दिवस

संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन–जागरूकता के लिये आगामी 26 नवम्बर से वर्ष भर "हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान" अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान जन–सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर मुख्य रूप से जानकारी दी जायेगी। इसी दौरान जन–समुदाय के बीच में संविधान पर केन्द्रित कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

चेतना अभियान

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार 25 नवम्बर को आकाशवाणी के रंग भवन में नई चेतना–पहल बदलाव की के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल होंगी।

नई चेतना एक राष्ट्रीय अभियान है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और सूचित कार्रवाई करना है। यह अभियान 23 दिसंबर तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलेगा।

इस वर्ष के अभियान का नारा है एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ।

## अन्तर्राष्टोय फिल्म महोत्सव

55वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो–सीएमओटी प्रतियोगिता का समापन भारी उत्साह के साथ हुआ। 5 टीमों में बंटे 100 प्रतिभागियों को 48 घंटे में एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस वर्ष के सीएमओटी प्रतियोगिता का विषय था प्रौद्योगिकी के युग में संबंध। महोत्सव में प्रतिभागियों को फिल्म उद्योग के पेशेवरों से मिलकर समृद्ध अनुभव प्राप्त हुए।

## मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू हो गया है। नवंबर में ही ठंड रिकॉर्ड तोड़ रही है। राजधानी भोपाल में नवंबर महीने की ठंड का पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। यहां पारा 10 डिग्री के नीचे पहुंच चुका है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में रातें तो ठंडी है ही, दिन में भी पारा 26 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। हिल स्टेशन पचमढ़ी, अमरकंटक, कल्याणपुर, शाजापुर–राजगढ़ जैसे छोटे शहर सबसे ठंडे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरी–पश्चिमी हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ और पूर्वी हिस्से में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय है। वहीं, उत्तरी हवाएं भी प्रदेश में आ रही है। इस कारण तेज ठंड है। हालांकि, मौसम विभाग ने पारे में बढ़ोतरी होने की बात कही है। 25 नवंबर से तेज ठंड का दौर फिर से आएगा।

## जागरूकता अभियान

प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए "हम होंगे क़ामयाब" जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया 25 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से सुबह 10 बजे इस अभियान की शुरुआत करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर इस

अभियान के तहत महिला सुरक्षा संवाद विषय पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 25 और 26 नवंबर को आयोजित की गई है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- बैतूल में सिंगल यूज सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर पालिका की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 दुकानदारों पर लगा 10,500 रुपये का जुर्माना वसूल किया है।
- जिला न्यायालय परिसर धार में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु 26 नवंबर को कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।
- गुना कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा आज कैंट स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया।
- अशोकनगर में आज स्थानीय तुलसी सरोवर तालाव पर बाढ़–आपदा जैसी घटनाओं से बचाव एवं परिस्थितियों से निपटने हेतु पुलिस,होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की टीम का मॉकड्रिल एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया
- खंडवा में आज नगर पालिक निगम द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गतं सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में वन नेशन वन स्टूडेंट के तहत राष्ट्रीय स्तर पर हर छात्र की अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) बनाने का काम शुरू हो गया है।

-----------------